भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1123

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

†1123. डॉ. थोल तिरूमावलवनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार पर्यटन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग करने का है क्योंकि यह मंत्रालय का एक विषय है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की देश में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): भारत सरकार ऐसी द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय व्यवस्थाओं के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर काम करती है, जो पर्यटन के संवर्धन एवं विकास के लिए सूचना साझा करने, यात्रा को आसान बनाने एवं सहयोग के अन्य क्षेत्रों को प्रोत्साहित करती है। भारत वैश्विक पर्यटन संगठनों, जैसे संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ), दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान), जी 20 समूह, जी 7 समूह, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क), ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) आदि का भी सदस्य है, जो पर्यटन नीतियों को आकार देने और स्थाई यात्रा संबंधी सहयोग करने में मदद करते हैं। ये प्रयास भारत में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने एवं अन्य देशों से सांस्कृतिक तथा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए हैं, जो स्थाई एवं समावेशी पर्यटन पहलों के भारत के वीजन में योगदान दे रहे हैं।

भारत को विरासत, संस्कृति, आध्यात्मिकता, निरोगता, साहसिक एवं इको-पर्यटन सहित अपनी विविध पेशकशों को प्रदर्शित करके एक समग्र पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा दिया जाता है। पर्यटन संवर्धन के लिए, मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में मीडिया अभियानों, सोशल मीडिया संवर्धन, वेबिनार और संवर्धनात्मक कार्यक्रमों में भागीदारी सहित कई पहलें करता है। इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित भारतीय मिशन भारत के विविध पर्यटक गंतव्यों की ओर वैश्विक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कार्यकलाप आयोजित करते हैं एवं वैश्विक मानचित्र पर एक पसंदीदा यात्रा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने में योगदान करते हैं।

****